Regarding need to set up X-band Doppler Weather Radar in Marathwada region, Maharashtra-laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे **(**लातूर**):** मराठवाडा तथा उत्तर महाराष्ट्र क्षेत्र पिछले कई दशकों से मौसम की मार झेल रहा है। कभी भयंकर सूखा, कभी अति वृष्टि, कभी बाढ़, कभी ओला वृष्टि। इस क्षेत्र में विभिन्न फसलों का भारी मात्रा में उत्पादन होता है। परन्तु मौसम की मार के कारण तथा मौसम की समय पर सही जानकारी किसानों को नहीं मिलने के कारण हर साल हजारों करोड़ रूपयों की फसलें बर्बाद हो रही है। विगत कई वर्षों से मैं सरकार से यहां पर एक एक्स बैंड डॉप्लर रडार स्थापित किए जाने की मांग कर रहा हूं ताकि मौसम से होने वाली फसलों की बरबादी से बचाया जा सके। ऐसा प्रतीत होता है कि कतिपय ब्यूरोक्रेटिक समस्याओं के कारण डॉप्लर रडार की स्थापना का मामला विगत एक दशक से लटका हुआ है। काफी दबाव डालने पर अब सरकार यहां सी बैंड रडार स्थापित करने जा रही है। परन्तु इसका कवरेज एरिया कम होने के कारण किसानों को सही एवं समय पर जानकारी मिलना असंभव है तथा इसकी स्थापना से किसानों का कोई फायदा होने वाला नहीं है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र यहां पर एक्स बैंड डॉप्लर रडार स्थापित किए जाने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं।